Title : Need for enactment of a law to frame a policy to control rising population of the country-Laid.

श्री गोपाल शेट्टी (मुम्बई उत्तर): पूरे विश्व में हर साल 8 करोड की जनसंख्या वृद्धि होती है जिसमें से 2 करोड़ की वृद्धि अकेले भारत में होती है । अर्थात पूरी दुनिया की कुल जनसंख्या वृद्धि का एक चौथाई हिस्सा अकेले भारत के हिस्से में आता है । भारत में प्रति मिनट 52 बच्चे पैदा होते है । जनसंख्या की दृष्टि से भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा देश है । क्षेत्रफल के अनुपात में भारत की जनसंख्या कई गुना है । इसलिए यहाँ जनसंख्या वृद्धि के कारण जनजीवन से जुडी अनेक समस्याएं पैदा होना स्वाभाविक है ।

वर्तमान में भारत की जनसंख्या में प्रतिवर्ष लगभग 1 करोड़ 70 लाख की वृद्धि हो रही है । जनसंख्या में यह तीव्र वृद्धि देश के लिए अभिशाप है परिणामस्वरूप हमारे यहाँ गरीबी, बेरोजगारी व महँगाई आदि समस्याएं दिनों-दिन बढ़ती जा रही हैं ।

1970 के बाद चीन ने 'एक दम्पत्ति एक सन्तान' का नारा देकर अपनी बढ़ती जनसंख्या को नियंत्रित करने में सफलता प्राप्त की है । उसी प्रकार से अपने देश में भी एक जनसंख्या नीति बनाकर जनसंख्या वृद्धि को रोकने के लिए एक कानून बनाए जाने की नितांत आवश्यकता है, ताकि देश में बढ़ती जनसंख्या पर अंकुश लग सके ।